**EDII**

**Bhopal News**

**15 December, 2021**

# उद्यमिता की परियोजनाओं पर चर्चा आयोजित

**भोपाल।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद द्वारा राजधानी के एक स्थानीय होटल में चर्चा के दौरान ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ल ने बताया कि भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद, भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय से उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह संस्थान शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण, राष्ट्रीय और अंतर-राष्ट्रीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के क्षेत्र में एक नेशनल रिसोर्स आर्गेनाइजेशन है। ईडीआईआई का प्रधान कार्यालय गांधी नगर, गुजरात में है जबकि मध्य प्रदेश में भोपाल में क्षेत्रीय कार्यालय है जहाँ से राज्य की उधमित्ता की विभिन्न परियोजनाओ को संचालित किया जाता है ईडीआईआई मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्रों में व्यापक विकास कार्य हेतु प्रयत्नशील है जिसमे चंदेरी और महेश्वर में हथकरघा, बैतूल में टेरा-कोट्टा और ग्वालियर में कालीन प्रमुख हैं। इस अवसर पर संस्थान के प्रदेश प्रमुख तरुण बेदी, ज्योति प्रकाश खरे आदि भी मौजूद रहे। 'डीआईआई, क्लस्टर विकास में कई वर्षों के अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता के साथ मध्य प्रदेश के लोगों को विशेष हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए इन संसाधनों और कौशल विकास उद्यमों का उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार, उद्योग और अन्य सहायता संस्थानों के साथ हाथ से काम करने हेतु तत्पर है, जिनमे हस्तनिर्मित उत्पाद, कृषि, बागवानी और वन आधारित उत्पाद, इकोटूरिज्म, हर्बल वेलनेस उत्पाद प्रमुख हैं।